# जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड

JUBILANT FOODWORKS

सीआईएन : एल74899यूपी1995पीएलसी043677

पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 1A, सेक्टर–16A, नोएडा – 201301 (उ.प्र.)

दूरभाषः +91-120-4090500, फैक्सः +91-120-4090599

ई–मेलः investor@jublfood.com, वेबसाइटः www.jubilantfoodworks.com

## डाक मत–पत्र की सूचना

एतद्द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 22, अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई, सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के लागू प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों तथा विनियमों (उनके किसी सांविधिक संशोधन अथवा पुनर्अधिनियमन जो अस्थायी रूप से लागू है, के सहित) के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी डाक मतदान सूचना दिनांकित 08 मई, 2018 ("सूचना") में सूचीबद्ध विषयों हेतु डाक मतदान, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग ("ई–वोटिंग") भी शामिल है, के माध्यम से साधारण प्रस्तावों द्वारा कम्पनी के सदस्यों की सहमति प्राप्त करने की इच्छुक है। सूचना तथा व्याख्यात्मक विवरण और अन्य संलग्नक कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantfoodworks.com पर तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध हैं।

श्री शशिकान्त तिवारी (सदस्यता सं. एसीएस 28994) पार्टनर, उनकी अनुपस्थिति में श्री लखन गुप्ता (सदस्यता सं. एसीएस 36583) पार्टनर, मैसर्स चन्द्रशेखरन एसोशिएट्स, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सेक्रेटरीज़, डाक मतदान (रिमोट ई–वोटिंग सहित) के पारदर्शी एवं निष्पक्ष संचालन के लिए संवीक्षक नियुक्त किए गए हैं।

सदस्यों को सूचना दी जाती है कि कम्पनी सूचना, डाक मतदान प्रपत्र स्व–पता लिखित डाकखर्च प्रदत्त व्यवसाय जवाबी लिफाफों के साथ, अनुमत विधि से भेजने का कार्य सोमवार 14 मई, 2018 को पूर्ण कर चुकी है। उक्त प्रेषण उन सदस्यों को किया गया है जिनका नाम सदस्यों की पंजिका/डिपॉजिटरीज के रिकार्ड में शुक्रवार, 04 मई, 2018 ("कट–ऑफ तिथि") को मौजूद थे। इसके अलावा सोमवार, 14 मई, 2018 को उन सदस्यों को भी सूचना भेजी जा चुकी है जिनके ई–मेल पते कम्पनी में अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीबद्ध हैं। कोई व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि को कम्पनी का सदस्य नहीं है, उसको यह सूचना केवल जानकारी के निमित्त मानी जायेगी। कम्पनी के सदस्यों को सीडीएसएल के माध्यम से ई–वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ई–वोटिंग के विषय में विस्तृत अनुदेशों के लिए, सदस्यों से सूचना देखने का अनुरोध किया जाता है। डाक मतदान तथा ई–वोटिंग दोनों के लिए वोटिंग अवधि मंगलवार, 15 मई, 2018 (प्रातः 9.00 बजे) आरंभ होगी तथा बुधवार, 13 जून, 2018 (सायं 5.00 बजे) समाप्त होगी। ई–वोटिंग मॉड्यूल बुधवार, 13 जून, 2018 सायं 5.00 बजे के बाद निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

सदस्यगण वोटिंग की केवल एक विधि अर्थात डाक मतदान या ई–वोटिंग चुन सकते हैं। किसी सदस्य से बुधवार, 13 जून, 2018 सायं 5.00 बजे के बाद प्राप्त डाक मत प्रपत्र अवैध माना जाएगा तथा उक्त तिथि के पश्चात डाक द्वारा मत दान की अनुमति नही होगी। सदस्य, जिसको डाक मत प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है, डुप्लीकेट डाक मत प्रपत्र के लिए कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट को आवेदन कर सकते हैं।

ई–वोटिंग के संबंध में किसी भी संदेह/शिकायत की स्थिति में सदस्य www.evotingindia.com पर हेल्प सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू'ज") तथा ई–वोटिंग मैनुअल देखें अथवा श्री राकेश दाल्वी, उप प्रबंधक, सीडीएसल से helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अथवा पता– मैराथन फ्यूचरेक्स, ए–विंग, 25वां तल, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013 पर अथवा टोल फ्री नंबर 1800225533 पर सम्पर्क करें।

डाक मतदान (रिमोट ई–वोटिंग सहित) के परिणामों की घोषणा शुक्रवार, 15 जून, 2018 को अप. 3.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में की जाएगी। परिणाम कम्पनी के पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय में प्रदर्शित किए जाएंगे, कम्पनी तथा सीडीएसएल की वेबसाइट क्रमानुसार www.jubilantfoodworks.com तथा www.evotingindia.com पर प्रदर्शित किए जाएंगे ओर इसकी सूचना उन स्टॉक एक्सचेंज को दी जाएगी, जहां कम्पनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा

कृते **जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड**

हस्ता/–

**(मोना अग्रवाल)**

दिनांक : 14 मई, 2018

स्थान : नोएडा (उ.प्र.)

**कम्पनी सचिव**